# राहत : केवल छह नए पाजिटिव

रतलाम। कोरोना संक्रमण पर काबू पाने से शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं। बुधवार को जिले में केवल छह नए पाजिटिव केस सामने आए। 28 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 309 है। लगातार सातवें दिन एक भी मौत नहीं हुई। जिले में अब तक 17424 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 16807 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 263 पर पहुंच गया है।

**मेडिकल कालेज में 487 बेड खाली:** शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से बुधवार को चार मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा स्वजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि तीन नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है। आइसीयू बेड 56 में से 22 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में 13 पर पेशेंट हैं। आक्सीजन बेड 180 में 24 पर पेशेंट हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से चार पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 63 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 34 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 487 हैं। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5929, करंट स्टाक 94 है।

**देवास-रनयाला जसनिया-मक्सी खंड में आज से फिर चलेंगी ट्रेनें**

रतलाम। मंडल का देवास-रनयाला जसनिया-मक्सी खंड ट्रेनों के संचालन के लिए 10 जून से पुनः खोला जा रहा है। कोविड-19 महामारी के चलते ट्रेनों के संचालन में कमी आने के कारण दो मई से अगले आदेश तक देवास-रनयाला जसनिया-मक्सी खंड को बंद कर दिया गया था, जिसे पुनः 10 जून से आरंभ किया जा रहा है।

# प्रदेश में कोरोना मरीज पांच सौ से कम

भोपाल (नप्र)। प्रदेश में मंगलवार को कोरोना मरीजों की संख्या पांच सौ से नीचे आ गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार मंगलवार को प्रदेश में 77,810 सैंपल की जांच में 453 मरीज मिले। इस लिहाज से संक्रमण दर 0.58 फीसद रही। संभवतः पहली बार संक्रमण दर इतनी कम हुई है। अप्रैल में यही दर 25 फीसद तक पहुंच गई थी। मंगलवार को प्रदेश के 19 जिलों में 36 मरीजों की मौत इस बीमारी से हुई, जबकि 1,329 मरीज स्वस्थ हुए हैं। सक्रिय मरीजों की संख्या अब 7,071 है, जो 10 मई को 1,11,366 पर पहुंच गई थी। अभी सक्रिय मरीजों में से 54 फीसद होम आइसोलेशन में हैं। सबसे ज्यादा 1,841 सक्रिय मरीज भोपाल में हैं। दूसरा क्रम इंदौर का है।

तीसरी लहर की आशंका को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कालेजों के अस्पतालों में 380 बिस्तर का आइसीयू बच्चों के लिए बनाया जा रहा है।

# शहर में अब 269 कंटेनमेंट जोन

रतलाम | पाजिटिविटी रेट एक प्रतिशत तक आने पर भी कोरोना को लेकर प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। बुधवार को 4 इलाकों में कंटेनमेंट जोन बनाए गए। इस तरह अब तक शहर में 269 कंटेनमेंट जोन बनाए जा रहे हैं। जोन बनाने की शुरुआत 11 मई को हुई थी। बुधवार को कस्तूरबा नगर, लोकेंद्र भवन रोड बैंक कॉलोनी, रामदेवजी की घाटी, मालीकुआं में कंटेनमेंट जोन बनाए गए। इस तरह 30 दिवस में 269 जोन बनाए जा चुके हैं। इधर बुधवार को ई-दक्ष केंद्र से 5 मरीजों की सूची मिली। निगम के दलों ने पांचों को घर जाकर मेडिसिन किट दी।

# गंदगी मिली, वार्ड प्रभारी का 1 दिन का वेतन कटा

रतलाम | सज्जन मिल गेट के पास वाले डस्टबिन और दुकानों के सामने कचरा मिलने पर आयुक्त झारिया ने वार्ड प्रभारी दिलीप खरे का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त करने का नोटिस जारी किया है। आयुक्त झारिया ने बताया कि सफाई करवाने की जिम्मेदारी वार्ड प्रभारी की है।

# स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह और सहायक वर्ग तीन की एक वेतनवृद्धि रोकी

रतलाम | नस्तियां (फाइल) पेंडिंग रखने वाले नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। बुधवार को स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह और सहायक वर्ग तीन राजेंद्र सिंह की एक वेतनवृद्धि रोकने के आदेश भी आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कर दिए हैं। इन्होंने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत मस्टरकर्मियों को समय पर स्वीकृति प्राप्त नहीं करने व वेतन भुगतान के लिए प्रथम सप्ताह में कार्रवाई नहीं की। नंदकिशोर भूमक स्थायीकर्मी और धर्मेन्द्र चौहान दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त का नोटिस दिया है।

# बिना बताए सफाई करने नहीं आए 28 कर्मचारी

रतलाम | एक तरफ कलेक्टर और नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की हिदायत दे रहे हैं। वहीं सफाई कर्मचारियों का मनमाना रवैया खत्म ही नहीं हो रहा है। बुधवार को निरीक्षण के दौरान 28 कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं मिले। इतना ही नहीं सभी ने वार्ड प्रभारी, दरोगा या स्वास्थ्य अधिकारी से छुट्टी या अनुमति तक नहीं ली थी। लापरवाही पाए जाने पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी को वेतन काटने का नोटिस जारी कर दिया है।

# 5 दिनों में 755 के आयुष्मान कार्ड बनाए

रतलाम | आयुष्मान भारत निरामयम योजना में शहर में पांच दिन में 755 के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बचे हुए हितग्राहियों तक पहुंचने के लिए उनके मोबाइल नंबर, पते की वार्ड वार सूची निकलवाकर पर्यवेक्षक, जोन प्रभारी और दरोगा को काम पर लगाया था। आयुक्त ने बताया फोन अटेंड नहीं करने वाले हितग्राहियों के घर पर दस्तक दी जा रही है। कार्ड बनाने के दौरान उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी आयुषी पालीवाल उपस्थित रहीं।

# अनलॉक में होगी परेशानी

रतलाम | दो बत्ती पर फोरलेन का काम जारी है और अनलॉक में आवाजाही शुरू होने से दो बत्ती पर वाहन चालक गुत्थमगुथा हो रहे हैं। बारिश आने पर समस्या बढ़ेगी।

### नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने जारी किए निर्देश

# 100 वर्ग मीटर से छोटा भूखंड होने पर पार्क में लगाना होंगे पौधे

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। मध्य प्रदेश में अगर 100 वर्ग मीटर (लगभग 1076.40 वर्गफीट) से छोटे भूखंड पर भवन आकार ले रहा है, तो भवन स्वामी को पार्क या सार्वजनिक स्थल पर अनिवार्य रूप से पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा भी करना पड़ेगी। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने बुधवार को यह निर्देश जारी कर दिए हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भवन अनुज्ञा (बिल्डिंग परमिशन) में पौधे लगाने की शर्त जोड़ने की घोषणा की थी। विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह ने आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास को इस संबंध में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के मुताबिक अब भवन अनुज्ञा के लिए पौधारोपण करना अनिवार्य होगा। भवन अनुज्ञा में यह भी लिखा जाएगा कि जिस भवन की अनुमति दी जा रही है, उसके साथ कितने पौधे रोपने होंगे। भवन निर्माण पूरा होने पर तय पौधे लगाए हैं या नहीं। इसकी पुष्टि के बाद ही आधिपत्य प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इन निर्देशों का सभी विभाग एवं परियोजनाओं के तहत प्रस्तावित योजनाओं (प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य) में भी पालन किया जाएगा। भवन स्वामी चाहे तो पौधारोपण कर अंकुर कार्यक्रम के तहत वायुदूत मोबाइल एप पर फोटो अपलोड कर सकता है। वह प्राणवायु पुरस्कार के लिए प्रतियोगी हो सकता है।



नईदुनिया 10/6/21

# एक सप्ताह लेफ्ट-राइट के बाद आज से खुलेगा सम्पूर्ण बाजार

## शनिवार को भी खुली रहेगी दुकानें

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कोरोना संक्रमण के आंकड़ों को नियंत्रण में देखते हुए आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में जिले को पूरी तरह से खोलने का निर्णय लिया है। अब दुकानें प्रात: 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुलेगी। हेयर कटिंग सैलून की दुकानें भी खुल सकेगी। नाश्ता,कचोरी, पोहा, समोसे वाले भी दुकानें खोल सकेंगे, लेकिन उनकों भी पार्सल पैकिंग करना होगा। शनिवार को भी दुकानें खुली रह सकेगी।

एक सप्ताह तक एक दिन लेफ्ट और एक दिन राइट की दुकानें खोलने के आदेश दिए गए थे उसके बाद आज सभी दुकानें खुल सकेगी। बैठक में लिए गए निर्णय ... सभी को सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क का उपयोग तथा निर्धारित गाइड-लाइन का पालन करना होगा। बैठक में कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, विधायक चेतन्य काश्यप सहित अन्य समिति सदस्यगण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है दैनिक स्वदेश ने भी सम्पूर्ण बाजार खोलने की आवश्यकता को देखते हुए लगातार प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था, सामाजिक एवं व्यापारिक संस्थाओं ने भी अन्य जिलों के समान रतलाम में भी सम्पूर्ण बाजार खोलने का अनुरोध आपदा प्रबंधन समिति से किया था। विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि रविवार को हुई जिला आपदा प्रबंधन की तीसरी बैठक में तय किया गया था कि तीन दिन बाद अनलॉक का सप्ताह पूरा होने पर शहर हित में सभी छूटों और प्रतिबंधों पर विचार कर निर्णय लिए जाएंगे।

श्री काश्यप ने कहा कि सभी प्रयास से हम कोरोना संक्रमण को लेकर काफी सुखद स्थिति में पहुंच चुके है और आशा है कि रतलाम का हर नागरिक अपने सामाजिक दायित्व का पालन करते हुए इसे और अच्छी स्थिति में ले आएगा।

स्वदेश 10/6/21

आसमान में मंडराने लगे मानसूनी बादल | गरज-चमक से सैकड़ों परिवारों में हलचल

# फिर सिर पर खुला आसमान धरा रह गया आवास का अरमान

## रतलाम जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों का निर्माण अब तक नहीं हुआ पूरा, बारिश में कहां जाएंगे परिवार

पत्रिका टीम. मौसम विभाग की रिपोर्ट और जानकारों की माने तो जल्द मानसून आमद होने वाली है। बारिश का आगमन वैसे तो खुशियां लाने वाला है, लेकिन सैकड़ों परिवार ऐसे है, जिनके लिए परेशानी का सबब बन सकता है। दरअसल, प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र हितग्राही परिवार अपने आवास का अरमान पाले बैठे हैं, लेकिन लॉकडाउन और सरकारी किस्त आने में देरी के कारण इस मानसून ये आवास पूर्ण नहीं हो पाएंगे। ऐसे में सैकड़ों परिवारों के सामने खुले आसमान या जर्जर पुराने मकानों के भरोसे रहने की मजबूरी सामने खड़ी है।

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

जिला मुख्यालय हो या अंचल के आलोट, बड़ावदा, सैलाना जैसे कस्बा या फिर रानीसिंग जैसा गांव हर जगह की यही कहानी है, कागजों में अटकी किस्त ने सपनों के आवास की राह को रोक दिया है। बारिश से पहले ऐसे ही परिवारों की पीड़ा और आवास योजना की हकीकत बयां करती 'पत्रिका' संवाददाताओं की ये ग्राउंड रिपोर्ट...

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तीसरे चरण की पहली किस्त का सूखा

**आशीष पाठक**
patrika.com

**रतलाम.** शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना का पहला व दूसरा चरण पूरा हो गया है, अब तीसरा चरण चल रहा है। इस चरण में किसी को पहली तो किसी को तीसरी किस्त के रुपए ही नहीं मिल पाए है। इसके अलावा ऐसे लोग भी है जिनको अब तक योजना का लाभ नहीं मिल पाया व अब तक वे सिर्फ इसलिए चक्कर काट रहे है, क्योंकि उनके पास पट्टा नहीं है। तीसरे चरण में पहली व दूसरी किस्त में एक लाख रुपए तो तीसरी किस्त में 50 हजार रुपए मिलते है।

कुछ परिवारों के पास तो कच्चे और जर्जर मकानों में रहने के अलावा कोई और दूसरा विकल्प नहीं है, क्योंकि किस्त आने की संभावना देख इन परिवारों ने अपने पास की जमा पूंजी मकान में लगा दी, अब राशि भी इनके पास नहीं बची। वहीं, कुछ परिवारों की अधूरी दीवार और चद्दरों से ढके मकान में रहने की मजबूरी है, इनके पास तो रहने के लिए अब अन्य कोई साधन या आवास भी उपलब्ध नहीं है।

## हम तो तीन साल से चक्कर काट रहे



नाहरपुरा क्षेत्र की शहनाज ने बताया वे तीन वर्षों से तरणताल स्थित पीएम आवास कार्यालय का चक्कर काट रही है। पहले बताया सर्वे में नाम नहीं आया, नाम आया तो रुपए जारी नहीं कर रहे है। अब यही नहीं पता की कभी खुद के मकान का सपना पूरा होगा भी या नहीं।

## जल्द ही राशि आएगी


करीब डेढ़ वर्ष में कोरोना ने सभी प्रकार के निर्माण कार्य की गति को रोक दिया था। अब निर्माण कार्य को मंजूरी दी गई है। यह भरोसा है कि जल्दी ही निर्माण के लिए राशि आएगी। - **सुरेशचंद्र व्यास**, नोडल अधिकारी, पीएम आवास योजना, नगर निगम

### बजट और कागजों में उलझे



**रतलाम शहर** के ईश्वरनगर में ही समदी देवी रहती है, इनको एक लाख रुपए की राशि मंजूर हुई, उसके बाद से कोई रुपए नहीं मिले। अब पीएम आवास योजना में इनके मकान का काम पिछले दो वर्ष से रुका हुआ है। जब जब मानसून आता है, इनकी चिंता बारिश में स्वयं को सुरक्षित रखने की रहती है।

### अन्य कोई आवास नहीं



**रतलाम शहर** के ईश्वरनगर में मुकेश कटारा को करीब डेढ़ लाख रुपए दो वर्ष पूर्व मिले, शेष राशि के लिए अब तक इंतजार करना पड़ रहा है। मुकेश के अनुसार बगैर छत के आवास में रहने की मजबूरी है, क्योंकि उनके पास और कोई आवास नहीं है। विभाग के पास जाते है तो कहते है फंड नहीं है।

# महाराजा स्टेच्यू से कान्वेंट स्कूल तिराहे तक सड़क निर्माण कार्य होगा शीघ्र प्रारंभ

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार महाराजा स्टेच्यू चौराहा से कॉन्वेंट स्कूल तिराहे तक 4 लेन निर्माण कार्य प्रारंभ करने व दो बत्ती से महाराजा स्टेच्यू चौराहा चल रहे 4 लेन निर्माण कार्य तीव्र गति से करवाए जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास व उपयंत्री विकास मरकाम के साथ स्थल का निरीक्षण किया।



श्री झारिया ने श्री व्यास व संबंधित ठेकेदार के साथ महाराजा स्टेच्यू चौराहा से कॉन्वेंट स्कूल तिराहे तक पैदल भ्रमण कर सड़क निर्माण हेतु कम पड़ रही भूमि व निर्माण में आने वाली अन्य बाधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 4 लेन निर्माण हेतु स्टेट बैंक की ओर कम भूमि है इस हेतु उन्होंने स्टेट बैंक से पत्र व्यवहार करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि वे 4 लेन का निर्माण एक साथ ना करते हुए प्रथम चरण में 2 लेन का निर्माण महाराजा स्टेच्यू चौराहा से प्रारंभ करें ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

दो बत्ती से महाराजा स्टेच्यू तक चल रहे निर्माण कार्य के दौरान निगम आयुक्त ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि जिस दिन सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है, उस दिन से 21 दिनों तक सड़क की पानी से तरी नियमित रूप से की जाए।

स्वदेश 10/6/21

# कोविड अनुकूल व्यवहार और वैक्सीनेशन पर दें विशेष ध्यान-मुख्यमंत्री श्री चौहान

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कोविड की स्थिति और व्यवस्थाओं की समीक्षा की

रतलाम। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना संक्रमण पूर्ण रूप से समाप्त हो और दोबारा न बढ़े, इसके लिए आवश्यक है कि हर व्यक्ति कोविड अनुकूल व्यवहार करे और वैक्सीन लगवाए। इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक जिले में अनलॉक प्रक्रिया पर पूरी नजर रखी जाए। कहीं भी कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए लोगों को जागरूक करने के साथ ही सख्ती भी की जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में कोरोना की स्थिति और व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, डीजीपी श्री विवेक जौहरी और अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान उपस्थित थे। कोरोना के 535 नए मरीज-प्रदेश में कोरोना के 535 नए प्रकरण आए हैं, 1378 व्यक्ति स्वस्थ हुए हैं और एक्टिव मरीजों की संख्या 7 हजार 983 है। प्रदेश की 7 दिनों की औसत पॉजिटिविटी दर 0.9% और आज की पॉजिटिविटी दर 0.7% है।

अब अस्पतालों में 3 हजार 462 मरीज-प्रदेश के कुल एक्टिव मरीजों में से 4 हजार 521 होम आयसोलेशन और 3 हजार 462 अस्पतालों में हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों में से एक हजार 421 आई.सी.यू. में, 1326 ऑक्सीजन बेड्स पर और 715 सामान्य बिस्तरों पर हैं। 7 जिलों में 10 से अधिक प्रकरण-प्रदेश में 7 जिलों में कोरोना के 10 से अधिक प्रकरण आए हैं। इंदौर में 179, भोपाल में 124, जबलपुर में 46, रतलाम में 13, ग्वालियर में 12, खरगोन में 11 और अनूपपुर में 11 नए प्रकरण आए हैं।

5 जिलों में ही 1% से अधिक पॉजिटिविटी दर-प्रदेश के पाँच जिलों इंदौर, भोपाल, जबलपुर, रतलाम और बैतूल जिलों में एक प्रतिशत से अधिक साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर है। शेष 47 जिलों में एक प्रतिशत से कम साप्ताहिक औसत पॉजिटिविटी दर है।

6 जिलों में शून्य और 4 जिलों में एक-एक प्रकरण-प्रदेश के 6 जिलों अलीराजपुर, भिंड, छतरपुर, कटनी, सिंगरौली और टीकमगढ़ में कोरोना का कोई प्रकरण नहीं आया है। चार जिलों अशोकनगर, मुरैना, सीहोर और श्योपुर में एक-एक नए प्रकरण आए हैं। अलीराजपुर कोरोना मुक्त है।

वैक्सीनेशन के प्रति जन-जागरूकता लाएँ-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि कोरोना वैक्सीनेशन के प्रति लोगों में जागरूकता लाई जाए। इससे संबंधित सभी भ्रान्तियों को दूर किया जाए, 18 प्लस के हर व्यक्ति का वैक्सीनेशन हो और वैक्सीन का एक भी डोज बेकार नहीं जाए।

स्वदेश ज्योति 10/6/21

**अनलॉक** • एक सप्ताह में टीका नहीं लगवाया तो फल, सब्जी, खाद्य सामग्री और दुकानें बंद की जाएंगी

# आज से लेफ्ट-राइट खत्म, सारी दुकानें सुबह 10 से शाम 6 बजे तक खुली रहेंगी

## रेड जोन वाले वार्डों में बनेंगे कंटेनमेंट जोन, कोई छूट लागू नहीं होगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बारिश के पहले व्यापारी भरपूर कारोबार कर लॉकडाउन के नुकसान की भरपाई कर सकें इसलिए 10 जून से दुकानें खोलने का राइट-लेफ्ट सिस्टम खत्म हो जाएगा। सुबह 10 से शाम 6 बजे तक सारी दुकानें खुल सकेंगी। सभी दुकानदारों, कर्मचारियों, फल, सब्जी, खाद्य सामग्री बेचने वालों को एक सप्ताह यानी 16 जून तक टीका लगवाना होगा। इसके बाद संबंधित के फल, सब्जी, खाद्य सामग्री और दुकान संचालन बंद कर दिया जाएगा।

संक्रमण को लेकर सतर्कता बरतते हुए रेड जोन में आने वाले वार्डों में कंटेनमेंट बनाए जाएंगे। इनमें अनलॉक में दी गई कोई भी छूट लागू नहीं होगी। जिले में रूल ऑफ सिक्स लागू रहेगा। खेल भी शुरू हो जाएंगे लेकिन सिर्फ एकल। धार्मिक स्थल पर चार लोगों को जाने की छूट रहेगी। अभी सिर्फ पूजा व अन्य कार्य के लिए पुजारी व एक सहयोगी को आने-जाने की इजाजत थी, वह भी सिर्फ खोलने और बंद करने के लिए। रविवार को जनता कर्फ्यू किया जाएगा।

### ये एहतियात रहेंगे : आगंतुकों के लिए खुलेंगे होटल, स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे लेकिन ऑनलाइन क्लास चालू रहेगी

हर दिन रात 8 से सुबह 6 बजे तक नाइट कर्फ्यू रहेगा।

प्रत्येक रविवार को जनता कर्फ्यू, यह शनिवार रात 8 बजे से प्रारंभ होकर सोमवार सुबह 6 बजे चलेगा।

सामाजिक, राजनीतिक, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रम व मेले नहीं किए जा सकेंगे।

धरना, रैली, प्रदर्शन, जुलूस, ज्ञापन, एकत्रीकरण भी प्रतिबंधित रखे गए हैं।

स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक, प्रशिक्षण, कोचिंग संस्थान बंद रहेंगे। ऑनलाइन क्लासेस चल सकेंगी।

शॉपिंग मॉल, स्वीमिंग पूल, सिनेमाघर, क्लब, जिम, थियेटर, पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थल, ऑडिटोरियम सभागृह बंद रहेंगे।

आवश्यक सेवा वाले विभागों को छोड़कर बाकी में 100 प्रतिशत अधिकारी और 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ कामकाज होगा।

लॉजिंग, होटल, रिसोर्ट केवल आगंतुकों के लिए खुलेंगे। इन हाउस गेस्ट को ही भोजन सर्व किया जा सकेगा।

रेस्टोरेंट, भोजनालय, मिठाई, स्ट्रीट फूड, चलित खानपान दुकानें केवल होम डिलीवरी कर सकेंगी।

अंतिम संस्कार 10 व्यक्तियों की मौजूदगी में होगा, उठावना व पगड़ी के कार्यक्रम नहीं होंगे।

विवाह वर-वधु पक्ष के अधिकतम 20 लोगों की उपस्थिति में हो सकेगा लेकिन मेहमानों की सूची के साथ सात दिन पहले संबंधित थाने में अनुमति का आवेदन देना होगा।

### छूट : सैलून खुलेंगे, निजी कार्यालय 50% क्षमता से खुलेंगे

- सब्जी और फल विक्रेता (फेरीवाले) चलित रूप से सुबह 6 से शाम 6 बजे तक विक्रय कर सकेंगे।
- सभी सार्वजनिक और व्यवसायिक प्रतिष्ठान सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खोलने की अनुमति रहेगी।
- लेबर मार्केट भी चालू हो सकेंगे, वहां कोविड गाइडलाइन का पालन करवाने की जिम्मेदारी नगरीय निकाय की होगी।
- सैलून चालू हो सकेंगे लेकिन संचालक व कर्मचारी को मास्क, ग्लव्स, पीपीई किट पहनकर काम करना होगा। कुर्सी क्षमता का 50 प्रतिशत ही उपयोग कर सकेंगे। ग्राहकों को बैठाकर बारी का इंतजार करना प्रतिबंधित रहेगा।
- निजी कार्यालयों में 50 प्रतिशत स्टॉफ के साथ काम होगा।
- खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एकल स्पोर्ट्स की इजाजत रहेगी लेकिन रूल ऑफ सिक्स के तहत।
- दूध डेयरी सुबह 6 से 9 बजे तक तथा शाम 5 से रात 8.30 बजे तक खुलेगी।
- कैमिस्ट एवं स्वास्थ्य सेवा वाले प्रतिष्ठान पूरे दिन खुले रह सकेंगे।
- आवश्यक सेवा वाले राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस, बिजली, दूरसंचार, नगर पालिका, पंचायत, रेलवे बैंक, जेल, सार्वजनिक परिवहन, कोषालय, पंजीयन, फायर आदि विभाग खुलेंगे।
- धार्मिक स्थल पर एक समय में 4 व्यक्ति मौजूद रह सकेंगे।

### 45+ वाले 60 हजार को लगा टीका

जिला स्तरीय संकट प्रबंधन समूह की बैठक वर्चुअल हुई। प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने वैक्सीनेशन पर फोकस करने को कहा। कलेक्टर कुमार ने बताया शहर में 45 प्लस के 90 हजार में से 60 हजार को टीका लग चुका है। मीटिंग में कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चेतन्य काश्यप, विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम बैठक ऑनलाइन हुई।

सारी दुकानें सुबह 10 से शाम 6 बजे तक खुलेंगी। प्रोटोकॉल का पालन कराने टीमें घूमेंगी। उल्लंघन पर कार्रवाई होगी।
**अभिषेक गेहलोत,** एसडीएम

गुरुवार से रतलाम में लेफ्ट-राइट सिस्टम समाप्त हो जाएगा। हाथ ठेला वाले भी अपना व्यवसाय कर सकेंगे व सैलून भी खुलेंगे।
**चेतन्य काश्यप,** विधायक

दैनिक भास्कर 10/6/21

सिटी फोरलेन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

# कलेक्टर के आदेश का असर : सिटी फोरलेन कार्य को देखने दो बत्ती चौराहा पहुंचे अफसर

पत्रिका
लाइव रिपोर्ट



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. करीब तीन दिन पूर्व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दो बत्ती से लेकर मित्रनिवास रोड तक बनने वाले सिटी फोरलेन कार्य के निर्माण कार्य को जल्दी शुरू करने व गुणवत्ता वाला बनाने को कहा था। कलेक्टर के साथ एसपी गौरव तिवारी भी थे। इसके बाद तीन दिन में चौथी बार निगम का अमला आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ जाकर स्थल निरीक्षण करके काम को जल्दी शुरू करने की बात कह रहा है। बुधवार दोपहर को करीब डेढ़ घंटे तक निगम के अधिकारी इस क्षेत्र में रहे व निर्माण कार्य के लिए गति को देखा है। हालांकि यहां पर एमपीईबी के पोल व एसबीआई का भवन बाधा बन रहा है, इसके लिए अब निगम की नींद खुली है व पत्र लिखकर मदद मांगी जाएगी।

दो बत्ती चौराहा से मित्र निवास रोड तिराहे तक 4 लेन निर्माण कार्य प्रारंभ करने व दो बत्ती क्षेत्र में वर्तमान में चल रहे कार्य को देखने चौथी बार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास व उपयंत्री विकास मरकाम स्थल का निरीक्षण करने दोपहर करीब 12 बजे बाद पहुंचे। निगम आयुक्त झारिया ने कार्यपालन यंत्री व्यास व संबंधित ठेकेदार के साथ दो बत्ती से लेकर मित्र निवास रोड तक पैदल भ्रमण कर सड़क निर्माण हेतु कम पड़ रही भूमि व निर्माण में आने वाली अन्य बाधाओं को देखा। 4 निर्माण हेतु स्टेट बैंक की ओर कम भूमि है, निगम एसबीआई को पत्र लिखकर भूमि की मांग करेगा।

## 21 दिन तक हो तरी

चल रहे निर्माण कार्य के दौरान अधिकारियों ने ठेकेदार को कहा कि जिस दिन सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया है उस दिन से 21 दिनों तक सड़क की पानी से तरी नियमित रूप हो। सड़क पर पानी ना रूके उस मान से ढलान दिया जाये इसके अलावा स्ट्रॉम वॉटर हेतु डाले जाने पाईप के ढलान व ज्वाईंट का विशेष ध्यान रखना होगा। हालांकि न्यू रोड क्षेत्र ड्रेनेज हेतु डाले जा रहे पाईप के बीच में विद्युत पोल आने से कार्य में रूकावट आ रही है, निगम आयुक्त ने स्थल का निरीक्षण कर विद्युत पोल शीघ्र शिफ्ट किये जाने हेतु एमपीईबी को पत्र लिखने का निर्णय लिया है।

पत्रिका

पत्रिका 10/6/21



# अब काला घोड़ा से कानवेंट स्कूल तिराहे तक सड़क निर्माण कार्य होगा शुरू

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार काला घोड़ा चौराहा से कानवेंट स्कूल तिराहे तक 4 लेन निर्माण कार्य प्रारंभ करने व दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहा चल रहे 4 लेन निर्माण कार्य तीव्र गति से करवाये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास व उपयंत्री विकास मरकाम के साथ स्थल का निरीक्षण किया।

निगम आयुक्त झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री व्यास व संबंधित ठेकेदार के साथ काला घोड़ा चौराहा से कानवेंट स्कूल तिराहे तक पैदल भ्रमण कर सड़क निर्माण हेतु कम पड़ रही भूमि व निर्माण में आने वाली अन्य बाधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 4 निर्माण हेतु

किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि वे 4 लेन का निर्माण एक साथ ना करते हुए प्रथम चरण में 2 लेन का निर्माण काला घोड़ा चौराहा से प्रारंभ करें ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। दो बत्ती से काला घोड़ा तक चल रहे निर्माण कार्य के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि जिस दिन सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है उस दिन से 21 दिनों तक सड़क की पानी से तरी नियमित रूप से की जाये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को निर्देशित किया कि दो बत्ती चौराहे पर सड़क निर्माण का कार्य तीव्र गति से करें क्योंकि यह शहर का सबसे व्यस्ततम चौराहा है चौराहे पर

# अधिकारी अपने विभाग की रेकिंग नीचे नहीं जाने दे

## कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

रतलाम । अधिकारी अपने विभाग की रेटिंग का ध्यान रखें। राज्य शासन द्वारा जारी की जाने वाली जिलों की रैंकिंग में आपका नंबर नीचे नहीं जाए, यह सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए।

कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी व्हाट्सएप ग्रुप में प्रत्येक विभाग की रैंकिंग डाली जाएगी जो राज्य स्तर से जारी होती है। अधिकारी प्रकरणों को अनावश्यक पेंडिंग नहीं रखें। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा में निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दिवस अधिकारी अपनी विभागीय शिकायतों का निराकरण पोर्टल पर देखें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि आपके विभाग की शिकायतों का निराकरण थोड़ी सूझबूझ के साथ आसानी से हो सकता है। स्वास्थ्य,विभाग की शिकायतें इस प्रकार की ही होती हैं जिनके निराकरण में ज्यादा कठिनाई नहीं होती है।

बैठक में कलेक्टर द्वारा पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन से अवगत नहीं कराने पर कई विभागों के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला परिवहन अधिकारी तथा डिस्टिक कमांडेंट होमगार्ड को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए।

10/6/21

**तैयारी • 50 लाख में होगा रिनोवेशन, बेड व उपकरण दानदाताओं की मदद से जुटाएंगे**

# रतलाम : 2 माह में बाल चिकित्सालय में तैयार होगा 75 बेड का चिल्ड्रन कोविड केयर सेंटर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पुराने बाल चिकित्सालय में दो माह में 75 बेड का चिल्ड्रन कोविड केयर सेंटर (सीसीसी) बनकर तैयार हो जाएगा। इस सर्वसुविधायुक्त सीसीसी को खास तौर पर संक्रमित बच्चों के इलाज के लिए बनाया जा रहा है। विशेषज्ञों ने तीसरी लहर का असर बच्चों पर अधिक होने की आशंका जताई है। इसके मद्देनजर रखते हुए यह इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके लिए बाल चिकित्सालय की पुरानी बिल्डिंग का 50 लाख रुपए से रिनोवेशन कराया जाएगा। इसके शॉर्ट टेंडर भी निकल चुके हैं। सात से दस दिन में टेंडर की कार्रवाई पूरी होकर रिनोवेशन होने लगेगा, जो एक से सवा माह में पूरा हो जाएगा। इतना ही नहीं बेड, उपकरण व अन्य उपचार सामग्री दानदाताओं की मदद से जुटाई जाएगी। इसके लिए भी अफसरों की दानदाताओं से बात हो गई है। यह सारा सामान महज 15 से 20 दिन में जुटा लिया जाएगा। शेष | पेज 7 पर

## सामान्य और कोविड के लिए अलग ओपीडी होगी




बाल चिकित्सालय की पुरानी बिल्डिंग के रिनोवेशन बाद सामान्य और कोविड संक्रमितों के लिए अलग-अलग ओपीडी हो जाएगी। सामान्य मरीजों की ओपीडी एमसीएच में होगी। उन्हें भर्ती करके इलाज भी वहीं किया जाएगा। वहीं बाल चिकित्सालय को पूरी तरह पॉजिटिव मरीजों के इलाज के लिए तैयार किया जा रहा है।

## एमसीएच में 60 बेड का आईसीयू

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि एमसीएच में तीसरी मंजिल पर बच्चों के लिए 60 बेड का आईसीयू भी तैयार किया जा रहा है। इसमें ऑक्सीजन लाइन के लिए निविदा जारी की जा चुकी है। इसके अलावा अन्य मेडिकल उपकरणों की खरीदी के आदेश हो चुके हैं। वर्तमान में 20 बेड का आईसीयू तैयार है। इसमें ऑक्सीजन आपूर्ति फिलहाल सिलेंडर से होगी।

## ट्रेंड स्टाफ का फायदा मिलेगा

बाल चिकित्सालय में बच्चों के लिए इलाज के लिए पर्याप्त ट्रेंड स्टाफ है। जरूरत सिर्फ इंतजामों की थी जिसे प्रशासन पूरा कर ही रहा है। वर्तमान में बाल चिकित्सालय में आईसीयू और नार्मल मिलाकर 40 बेड हैं जबकि डॉक्टर, नर्स, कंपाउंडर सहित लगभग 28 का ट्रेंड स्टाफ है इसलिए प्रशासन ने इसे चाइल्ड सीसीसी में तब्दील करने की योजना बनाई है।

दैनिक भास्कर 10/6/21

# रतलाम आज से अनलॉक

प्रसारण न्यूज * रतलाम

जिला स्तरीय संकट प्रबंधन समूह की बैठक वर्चुअल बुधवार को संपन्न हुई। जिले के कोविड-19 प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चैतन्य काश्यप, विधायक राजेंद्र पांडे, विधायक दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम बैठक से वर्चुअल जुड़े थे। कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, एस डी एम अभिषेक गहलोत, गोविंद काकानी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर आदि उपस्थित थे।

बैठक में जिले में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण की दृष्टि से निर्णय लिया गया कि सोमवार से शनिवार तक सुबह 10 से शाम 6 बजे तक पूरे बाजार खुले रह सकेंगे। प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि जिले में शत् प्रतिशत वैक्सीनेशन पर फोकस किया जाए। कोरोना से मुक्ति के लिए शत प्रतिशत वैक्सीनेशन अत्यावश्यक है। कलेक्टर श्री कुमार ने बताया कि रतलाम शहर में वैक्सीनेशन की प्रगति बहुत अच्छी है। यहां 45 प्लस के लगभग 90 हजार व्यक्तियों में से 60 हजार व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। जिले के सैलाना, बाजना, ताल में वैक्सीनेशन की प्रगति अपेक्षाकृत कमजोर है। इसके लिए विशेष माइक्रो प्लानिंग की जा रही है।

सांसद श्री गुप्ता ने कहा कि सैलून वालों की शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन होना अत्यावश्यक है। विधायक श्री काश्यप ने कहा कि हाट बाजारों में जाने वाले व्यापारियों तथा अन्य व्यक्तियों का शत प्रतिशत वैक्सीनेशन आवश्यक है, साथ ही श्री काश्यप ने रतलाम में जिला चिकित्सालय परिसर में ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण पूर्ण हो जाने की जानकारी दी जाकर उसे चालू करने की बात कही। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि हाट बाजारों में शामिल होने वाले व्यापारी व्यक्तियों को चिन्हित कर उनका वैक्सीनेशन किया जाए।

विधायक पांडे ने बाजार व्यवसाय पूर्ण रूप से चालू करने, दुकानदारों के शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन पर जोर दिया। विधायक दिलीप मकवाना ने मंडी व्यवसाय तथा किसानों के हित के संबंध में बात कही।



## रविवार को जनता कर्फ्यू रहेगा, प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रतलाम जिले की राजस्व सीमाओं में आगामी आदेश पर्यंत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। इसके अनुसार संपूर्ण रतलाम जिले में प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से प्रातः 6 बजे तक कोरोना कर्फ्यू रहेगा। जिले में प्रत्येक रविवार को जनता कर्फ्यू रहेगा, जो शनिवार रात्रि 8 बजे से सोमवार 6 बजे तक प्रभावी रहेगा।

उक्त अवधि में दूध डेयरी प्रातः 6 बजे से 9 बजे तक एवं शाम 5 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक तथा केमिस्ट एवं संस्थाओं से संबंधित प्रतिष्ठान पूरे दिन खुले रह सकेंगी। अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विश्लेषण करने वाले व्यक्तियों को आने जाने के लिए, आवश्यक वस्तुओं के परिवहन, उद्योग इकाइयों के श्रमिकों, कर्मियों, औद्योगिक तथा उत्पाद के परिवहन, बीमार व्यक्तियों के परिवहन एवं रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आने जाने तथा परीक्षा में शामिल होने के लिए छूट रहेगी। जिले में खुले एवं बंद स्थानों पर होने वाले सभी प्रकार के सामाजिक, राजनीतिक, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन में एकत्रित होते हैं, प्रतिबंधित रहेंगे। जिले में सभी प्रकार के धरना, रैली, प्रदर्शन, जुलूस, ज्ञापन, एकत्रीकरण इत्यादि पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक, प्रशिक्षण, कोचिंग संस्थान के ऑफलाइन कक्षाएं पूर्णतः बंद रहेंगी। ऑन लाइन क्लास चलती रहेंगी। सभी शॉपिंग मॉल, स्विमिंग पूल, सिनेमाघर, क्लब, जिम, थिएटर, पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थल, ऑडिटोरियम, सभागृह बंद रहेंगे। अत्यावश्यक सेवा वाले विभाग इससे मुक्त रहेंगे। अत्यावश्यक सेवाएं देने वाले कार्यालयों को छोड़कर शेष कार्यालय 100 प्रतिशत अधिकारियों एवं 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ संचालित किए जाएंगे। समस्त लॉजिंग, होटल, रिसोर्ट, केवल आगंतुकों के लिए ही खोल सकेंगे।

लॉज, होटल, रिसोर्ट के इन हाउस गेस्ट को ही भोजन सर्व किया जा सकेगा। समस्त रेस्टोरेंट, भोजनालय, मिठाई दुकान एवं अन्य खान-पान की दुकानें केवल टेक हो होम डिलीवरी के लिए खुलेंगी। दुकान पर खिलाना पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा। जिले में देशी-विदेशी मदिरा की दुकानें, भांग दुकानें, आबकारी विभाग के निर्देशानुसार संचालित होंगी।

प्रसारण 10/6/21

# शहर के सौ से अधिक सब्जी, फल विक्रेताओं का वैक्सीनेशन हुआ

रतलाम। रतलाम शहर में फल एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए मंगलवार को विशेष वैक्सीनेशन कैंप डीआरएम ऑफिस दो बत्ती रतलाम पर आयोजित किया गया। इसमें सौ से अधिक सब्जी विक्रेताओं ने वैक्सीनेशन करवाया। इसके अतिरिक्त 50 से अधिक फल एवं सब्जी विक्रेता पूर्व से वैक्सीनेशन करवा चुके थे, यहां पहुंचे और उन्होंने अपने पंजीयन कार्ड पर वैक्सीनेट होने की सील लगवाई। एसडीएम रतलाम शहर श्री अभिषेक गेहलोत ने बताया कि बुधवार को इस सेंटर पर फल एवं सब्जी विक्रेताओं का पंजीयन तो किया ही जाएगा, साथ ही शहर के बस, मैजिक, आटो चालकों का वैक्सीनेशन भी किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि अपने क्षेत्र में आने वाले फल एवं सब्जी विक्रेता के पंजीयन कार्ड पर वैक्सीनेशन होने की सील अवश्य देखें, ताकि वे भी सुरक्षित रहें और विक्रेता को भी सुरक्षित कर सकें। जिन विक्रेताओं के पंजीयन कार्ड पर वैक्सीनेशन की सील नहीं देखे, उन्हें वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें। इसी प्रकार बस ,मैजिक, ऑटो चालकों को भी वैक्सीनेशन के उपरांत वैक्सीनेशन का पत्र प्रदर्शित करना होगा। सवारी इन वाहनों पर उक्त पंजीयन पत्र देखकर ही सफर करें जहां यह पत्र नहीं देखें उन्हें वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें।

10/6/21

# आज से रतलाम पूरा खुलेगा हेयर कटिंग सैलून भी खुलेंगे

रतलाम, आज हुए आपदा प्रबंध समिति की मीटिंग में जिसमें प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा और कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम सहित रतलाम विधायक चेतन कश्यप व अन्य विधायक भी शामिल थे यह निर्णय हुआ कि कोरोना लगभग पूरी तरह नियंत्रण में है और जनता की परेशानियों को समझते हुए जिले को पूरी तरह खोलने का निर्णय किया गया हेयर कटिंग सैलून संचालकों का पूरा वैक्सीनेशन कंप्लीट हो चुका है अत: कल से हेयर कटिंग सैलून भी खुलेंगे सभी दुकानें 6:00 बजे तक ही खुलेगी ज्ञातव्य है कि इस संदर्भ में कल कांग्रेस द्वारा भी ज्ञापन देकर रतलाम पूरा खोलने की मांग की गई थी इंदौर और भोपाल में भी लॉकडाउन में छूट देते हुए खोलने का निर्णय लिया जा चुका है विभिन्न व्यापारिक संगठन भी लगातार इसकी मांग कर रहे थे। प्रेस मीडिया भी लगातार इस मांग को उठा रहे थे। उसको देखते हुए आज आपदा प्रबंध समिति की मीटिंग बुलाकर तत्काल इस संबंध में निर्णय लिया गया बाकी निर्णय पूर्ववत रहेगा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सभी को करना होगा नाश्ता और कचोरी पोहा समोसा वाले भी दुकान खोल सकते हैं लेकिन खड़े रहकर या बैठकर खिला नहीं सकते उनको भी पार्सल पैकिंग करना होगा। जनता की मांग को देखते हुए एक उचित निर्णय की जनता के सभी समुदाय ने देर आयद दुरुस्त आयद की तर्ज पर भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए आपदा प्रबंध समिति के इस निर्णय का स्वागत किया है।

## तीसरी लहर की आशंका के चलते मेडिकल कॉलेज का सर्वे होगा शुरू

रतलाम @ पत्रिका. कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की आशंका के चलते मेडिकल कॉलेज की टीम ने अभी से कमर कस ली है। इसी के चलते डीन डॉ जितेंद्र गुप्ता की मौजूदगी में एक टीम बुधवार को जिले के आदिवासी अंचल सरवन स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंची। सरवन में 23 जून को एक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में सैलाना से लेकर सरवन सहित आसपास के अन्य अंचलों के कोरोना प्रभावित में हुए मरीजों को बुलाकर उनकी शेष से जांच की जाएगी कि उन लोगों को स्वस्थ होने के बाद कोई तकलीफ तो नहीं है। शिविर में विशेष रूप से उन्हीं लोगों की जांच की जाएगी जो लोग कोरोना संक्रमित होने के बाद अब पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं।

## मेडिकल कॉलेज में अब 63 पेशेंट भर्ती

रतलाम. शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में बुधवार को केवल 63 मरीज भर्ती थे। डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज 4 मरीज डिस्चार्ज हुए, वहीं 3 मरीजों को भर्ती किया गया। आईसीयू में 56 में से 22 बेड पर मरीज भर्ती है। एचडीयू में 172 में से 13 बेड पर मरीज भर्ती है। ऑक्सीजन बेड 180 में से 24 पर मरीज भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 4 बेड पर मरीज भर्ती है। 63 मरीज भर्ती है जिनमें से 34 पाजिटिव है, शेष ऑक्सीजन लेवल एवं अन्य समस्याओं वाले है। कॉलेज में आज रिक्त बेड 487 रहे।

## निजी अस्पतालों में भर्ती के लिए नई गाइडलाइन

रतलाम. राज्य कार्यालय द्वारा कोविड के मरीजों की संख्या में लगातार कमी को देखते हुए नई गाईडलाईन तय की गई है। अब केवल तीस बिस्तर से अधिक संख्या वाले ईपैनल्ड अस्पताल ही कोविड के नवीन पॉजिटीव मरीजों को भर्ती कर सकेंगे। पं. शिव शक्तिलाल शर्मा अस्पताल बंजली, रतलाम हॉस्पिटल, सीएचएल जैन दिवाकर अस्पताल एवं माँ गायत्री अस्पताल में ही पॉजिटीव मरीजों को भर्ती किया जा सकेगा। जिले के अन्य किसी भी निजी अस्पताल को मरीजों को भर्ती किए जाने की पात्रता नहीं रहेगी।

## मेडिकल कॉलेज में अब 63 पेशेंट भर्ती

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में बुधवार को केवल 63 पेशेंट भर्ती थे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज 4 पेशेंट डिस्चार्ज हुए वहीं 3 मरीजो को भर्ती किया गया। आईसीयू में 56 में से 22 बेड पर पेशेंट भर्ती है। एचडीयू में 172 में से 13 बेड पर मरीज भर्ती है। ऑक्सीजन बेड 180 में से 24 पर पेशेंट भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 4 बेड पर पेशेंट भर्ती है। कुल 63 पेशेंट भर्ती है, जिनमें से 34 कोरोना पॉजिटिव है तथा शेष ऑक्सीजन लेवल एवं अन्य समस्याओं वाले है। मेडिकल कॉलेज में आज रिक्त बेड 487 रहे। उन्होंने बताया कि आज रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूट 1557, कन्ज्यूमड 5929, करंट स्टाक 94 रहा।

## शहर पूर्णतया खोलने के लिए कांग्रेस ने माना जिला प्रशासन का आभार

रतलाम। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने जिला प्रशासन का आभार मानते हुए रतलाम पूरा खोलने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि 8 तारीख को रतलाम कांग्रेस द्वारा कोरोना नियंत्रण को देखते हुए जिले के सभी व्यापारी और गरीब वर्ग को आ रही। समस्या को देखते हुए अविलंब जिले को कोरोना गाइडलाइन के तहत अनलॉक करने का प्रशासन से आग्रह किया था। जिसे प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल आपदा प्रबंध समिति की मीटिंग बुलाई और गुरुवार से रतलाम को पूरी तरह खोलने का निर्णय लिया।

जनहित के इस निर्णय में प्रशासन ने त्वरित गति से काम किया उसके लिए हम प्रशासन का आभार मानते हुए जनता से भी निवेदन करते हैं कि वह कोरोना गाइडलाइन के तहत सभी नियम कायदों को मानते हुए अपना व्यापार व्यवसाय करें। प्रशासन को पूर्ण सहयोग देवें। साथ ही प्रशासन से अनुरोध है कि सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क के लिए लगातार प्रचार एवं प्रेरित करें व गरीब जनता पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही से बचे। साथ ही उन्होंने रतलाम के मीडिया को भी प्रमुखता से इस मुद्दे को उठाने के लिए मीडिया का भी आभार व्यक्त किया।

# शहर में चार अस्पतालों में ही होगा कोरोना मरीजों का इलाज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शासन स्तर से कोविड मरीजों के उपचार को लेकर नई गाइडलाइन तय की गई है। सीएमएचओ डा.प्रभाकर ननावरे ने बताया कि मुख्यमंत्री कोविड उपचार योजनांतर्गत अब केवल तीस बेड से अधिक संख्या वाले इंपेनल्ड अस्पताल ही नए पाजिटीव मरीजों को भर्ती कर सकेंगे।

इन निर्देशों के चलते जिले में अब केवल पं.शिवशक्तिलाल शर्मा अस्पताल बंजली, रतलाम हास्पिटल, सीएचएल जैन दिवाकर अस्पताल व मां गायत्री अस्पताल में ही मरीजों को भर्ती किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य किसी भी निजी अस्पताल को कोविड के मरीजों को भर्ती किए जाने की पात्रता नहीं रहेगी।

## जिले में अब तक 2 लाख 34 हजार 173 टीके लगाए गए

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 234173 के टीके लगाए जा चुके हैं। इसमें से 35720 लोग दूसरा टीका पूर्ण कर चुके हैं। 13147 डोज हेल्थ केअर वर्कर, 14085 डोज फ्रंटलाइन वर्कर, 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोगों को 58787 डोज, 45 से 60 वर्ष आयु समूह के लोगों को 80116 डोज, 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगो को 68038 डोज लगाए जा चुके हैं।

बुधवार को जिले में 10000 लक्ष्य के विरुद्ध 10058 टीके लगाए गए। आलोट ब्लाक में 847, बाजना विकासखंड में 318, जावरा ब्लाक में 1976, पिपलौदा में 510, सैलाना में 470, रतलाम ग्रामीण में 2048, और शहर में 3889 टीके लगाए गए।

**मांगरोल में लगे 250 टीके:** मांगरोल उपस्वास्थ्य केंद्र पर टीकाकरण किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंदीलाल राठौड़ द्वारा टीका लगवाने वालों को मास्क वितरित किए गए। सरपंच शारदा महेश डामर, उपसरपंच संगीता मुकेश राठौड़, विनोद सिंगाड़, राजेंद्र चौहान, सचिव विक्रम मकवाना, सहायक सचिव किरण चौहान, एएनएम उर्मिला पाल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता योगिता पाठक, सहायक सुशीला पांचाल, आशा कार्यकर्ता राजी डामर, कांता पाटीदार आदि के सहयोग से 250 टीके लगाए गए। 18 प्लस के युवाओं में वैक्सीनेशन लेकर उत्साह रहा।



मांगरोल में टीका लगवाते हुए युवा। • नईदुनिया

नईदुनिया 10/6/21

**समस्याओं की सड़क** • महाराजा सज्जन सिंह चौराहा से प्रारंभ होगा सीसी सड़क का काम, अब चौड़ीकरण के लिए मशक्कत शुरू

# कॉन्वेंट स्कूल तिराहे पर केवल 10.25 मीटर जगह, फोरलेन बनना है 14.5 मीटर, अब 4 मीटर जगह स्टेट बैंक से मांगेगा नगर निगम


भास्कर संवाददाता | रतलाम

सैलाना बस स्टैंड से कॉन्वेंट स्कूल तिराहे तक बनने वाले सीसी फोरलेन में एक पेंच आ गया है। दरअसल कॉन्वेंट स्कूल तिराहे पर जहां सड़क को गीता मंदिर रोड फोरलेन से मिलना है, वहां फोरलेन जितनी 14.5 मीटर की बजाए सिर्फ 10.25 मीटर ही जगह मौजूद है। इस कारण रोड संकरा हो रहा है। इसे फोरलेन इतना चौड़ा करने के लिए अब नगर निगम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधन से 4 मीटर जमीन मांगेगा। इसकी कार्रवाई शुरू हो गई है।

बता दें कि तिराहे पर बाईं तरफ स्टेट बैंक का क्षेत्रीय कार्यालय और मुख्य ब्रांच है, जिसके कैंपस में पर्याप्त खुली जमीन है। फिलहाल फोरलेन का महाराजा सज्जन सिंह तिराहे से दो बत्ती चौराहे तक वाले हिस्से का काम चल रहा है। फाउंडेशन तैयार हो गया है। एक-दो दिन में महाराजा सज्जन सिंह चौराहा से सीसी वर्क होने लगेगा।

## पैदल घूमकर आयुक्त ने जानी फोरलेन की विभिन्न बाधाएं

काम तेज करवाने के लिए आयुक्त सोमनाथ झारिया ने इंजीनियरों के साथ महाराजा सज्जन सिंह चौराहा से कॉन्वेंट तिराहे तक पैदल निरीक्षण कर बाधाओं की जानकारी लेने के साथ समाधान के निर्देश दिए। कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, उपयंत्री विकास मरकाम साथ रहे। इस दौरान आयुक्त ने ठेकेदार नीलेश पिरोदिया से कहा कि फोरलेन एक साथ न बनाते हुए पहले एक तरफ का टू लेन बनाए। दूसरी तरफ यातायात जारी होने से सुविधा होगी। स्ट्रॉम वॉटर के लिए डाले जाने पाईप के ढलान व ज्वाइंट का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। न्यू रोड पर ड्रेनेज पाइप में बिजली पोल आड़े आने की जानकारी लगने पर आयुक्त ने मुआयना कर बिजली कंपनी को पोल शिफ्टिंग के लिए पत्र लिखने के निर्देश दिए।



## मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना : 3 सड़क में से 1 पूरी, एक आधी बनी, तीसरी का काम शुरू नहीं

मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना में 16.38 करोड़ में सैलाना बस स्टैंड से कॉन्वेंट स्कूल तिराहा, शहर सराय से न्यू रोड चौराहा, दो बत्ती से डाट की पुल तक की लगभग 2800 मीटर लंबी तीन सड़क बनना है। इनमें से शहर सराय से न्यू रोड चौराहा तक टू लेन लगभग 850 मीटर तथा सैलाना बस स्टैंड से दो बत्ती चौराहा तक लगभग 1000 मीटर लंबा फोरलेन बन चुका है। वर्तमान में दो बत्ती चौराहा से कॉन्वेंट स्कूल तिराहा तक की लगभग 720 मीटर लंबी सड़क का काम चल रहा है। 230 मीटर लंबी डाट की पुल रोड का काम अभी शुरू नहीं हुआ है।

*■ निरीक्षण के दौरान कॉन्वेंट स्कूल तिराहे के यहां जगह है। बैंक प्रबंधन से जमीन मिल जाती है तो पर्याप्त चौड़ाई मिल जाएगी। इससे यातायात और व्यवस्थित हो जाएगा। ठेकेदार को काम तेजी से काम करने के निर्देश दिए हैं।* **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त

दैनिक भास्कर 10/6/21

# काला घोड़ा से कान्वेंट स्कूल तिराहे तक सड़क निर्माण कार्य होगा शीघ्र

## निगम आयुक्त श्री झारिया ने किया स्थल का निरीक्षण

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार काला घोड़ा चौराहा से कान्वेंट स्कूल तिराहे तक 4 लेन निर्माण कार्य प्रारंभ करने व दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहा चल रहे 4 लेन निर्माण कार्य तीव्र गति से करवाए जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द व्यास व उपयंत्री विकास मरकाम के साथ स्थल का निरीक्षण किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री व्यास व संबंधित ठेकेदार के साथ काला घोड़ा चौराहा से कान्वेंट स्कूल तिराहे तक पैदल भ्रमण कर सड़क निर्माण हेतु कम पड़ रही भूमि व निर्माण में आने वाली अन्य बाधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 4 निर्माण हेतु स्टेट बैंक की ओर कम भूमि है, इस हेतु उन्होंने स्टेट बैंक से पत्र व्यवहार करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि वे 4 लेन का निर्माण एक साथ ना करते हुए प्रथम चरण में 2 लेन का निर्माण काला घोड़ा चौराहा से प्रारंभ करें, ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

दो बत्ती से काला घोड़ा तक चल रहे निर्माण कार्य के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि जिस दिन सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है उस दिन से 21 दिनों तक सड़क की पानी से तरी नियमित रूप से की जाये। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क पर पानी ना रूके उस मान से ढलान दिया जाये इसके अलावा स्ट्रॉम वॉटर हेतु डाले जाने

प्रसारण



पाईप के ढलान व ज्वाईंट का नि
निगम आयुक्त श्री झारिया
निर्देशित किया कि दो बत्ती चौ
तीव्र गति से करें, क्योंकि यह
है। चौराहे पर निर्माण के दौरान
परेशानी ना हो, इसका विशेष
निरीक्षण के दौरान निगम
कराया गया कि न्यू रोड क्षेत्र
बीच में विद्युत पोल आने से क
आयुक्त श्री झारिया ने स्थल क
शिफ्ट किए जा हेतु एमपी
संबंधित को नि तत किया।

प्रसारण 10/6/21

# रतलाम में गुरूवार से मिलेगी पूरा बाजार खुलने की छूट : काश्यप

प्रसारण न्यूज * रतलाम

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि गुरूवार से रतलाम में लेफ्ट - राईट सिस्टम समाप्त हो जाएगा। पूरा बाजार खुलने की छूट रहेगी। हाथ ठेला वाले भी अपना व्यवसाय कर सकेंगे, सेलून भी खुलेंगे। शासन के आदेशानुसार अन्य प्रतिबंध लागू रहेंगे। यह निर्णय आपदा प्रबंधन समिति ने बुधवार से लागू लेफ्ट - राईट सिस्टम का एक सप्ताह पूर्ण होने पर कोरोना संक्रमण की समीक्षा पश्चात लिए हैं। समिति की बैठक में विधायक श्री काश्यप ने कहा कि मानसून आगमन का सिर्फ एक सप्ताह ही शेष रहा है, इसलिए सभी व्यापारिक गतिविधियां आरंभ की जाए। हाथ ठेला व्यवसायियों को भी व्यापार करने की छूट मिले। सेलून व्यवसायियों का भी टीकाकरण हो चुका है, इसलिए उन्हें भी छूट दी जाए। बैठक में गुरूवार से लेफ्ट राईट सिस्टम खत्म कर पूरा बाजार खोलने के साथ- साथ शनिवार तक सुबह से शाम 6 बजे तक बाजार खुले रखने का निर्णय लिया है। लॉक डाऊन अब सिर्फ एक दिन शनिवार रात से सोमवार सुबह तक रविवार को रहेगा।



विधायक श्री काश्यप ने कहा कि वर्तमान में कोरोना संक्रमण पर काफी नियंत्रण पा लिया गया है। रतलाम का पाजिटीवी रेट 1 प्रतिशत से नीचे आ गया है। आम जनता, प्रशासन एवं व्यापारियों के सामूहिक प्रयास एवं अनुशासन से यह संभव हुआ है। कोरोना महामारी के प्रति भविष्य में भी सभी जागरूकता दिखाए और अनिवार्य रूप से अनुशासन का पालन करें। लॉक डाऊन में लॉक और अनलॉक कोरोना के संक्रमण पर निर्भर है। जागरूकता से ही संक्रमण पर काबू पाया जा सकता है, इसलिए हर नागरिक अपने सामाजिक दायित्व का पालन करते हुए रतलाम को सुखद स्थिति में लाने हेतु योगदान देता रहे। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के चलते रतलाम के एम सी एच मे तीसरी मंजिल पर बच्चों के लिए 60 बेड का आईसीयू भी तैयार किया जा रहा है। इसमें ऑक्सीजन लाईन के लिए निविदा जारी की जा चुकी है और अन्य उपकरणों की खरीदी के आदेश भी हो चुके हैं। वर्तमान में 20 बेड का आईसीयू तैयार है। इसमें ऑक्सीजन आपूर्ति फिलहाल सिलेंडर से होगी। भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए शासन से एमसीएच में भी ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की मांग की गईहै।

प्रसारण 10/6/21

### कोरोना संक्रमण के मामले में मप्र अब देश में 23वें नंबर पर

# प्रदेश में रिकवरी रेट 100% के करीब, 50 जिलों में संक्रमण दर 2% से नीचे

- 15 जून से पहले ही बढ़ाई जा सकती है छूट

पॉलिटिकल रिपोर्टर | भोपाल

मप्र में कोरोना के नए केसों की संख्या अब 500 से भी कम हो गई है। बुधवार को 453 केस मिले। इसके साथ ही 52 में से 50 जिलों में साप्ताहिक संक्रमण दर 2 प्रतिशत से नीचे आ गई है। सिर्फ इंदौर में 2.1% और भोपाल में 2.2% पॉजिटिविटी रह गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की कोरोना समीक्षा बैठक में यह जानकारी सामने आई। इसमें बताया गया कि रिकवरी रेट भी 100% के करीब यानी 98% हो गया है। ताजा हालातों के मद्देनजर 15 जून से पहले ही ढील बढ़ाई जा सकती है। मॉल, सिनेमाघर, स्वीमिंग पूल समेत बाकी निर्णय 15 जून के बाद ही लिए जाएंगे।

अधिकारियों के अनुसार संक्रमण की दृष्टि से देश में प्रदेश का अब 23वां स्थान है। सीएम ने कहा कि अब ऐसे प्रयास किए जाएं, जिससे प्रदेश में कोरोना की तीसरी लहर आती भी है तो उसका असर हो ही नहीं या काफी कम रहे। अधिक से अधिक टेस्टिंग जारी रखी जाए। लोगों के पास जा-जाकर टेस्ट हों। कोरोना संक्रमित को तलाशकर उसे आइसोलेट कर उसका उपचार किया जाए। वैक्सीन कोरोना का सुरक्षा कवच है। प्रदेश में कोरोना टीकाकरण का सघन अभियान चलाया जाए।

**प्रदेश का हाल : छह जिलों में 10 से ज्यादा केस**

- एक्टिव केस 7071 रह गए हैं। साप्ताहिक पॉजिटिविटी 0.8% तथा बुधवार की पॉजिटिविटी 0.6% है।
- छह जिलों में ही अब 10 से अधिक केस। इंदौर में 144, भोपाल में 104, जबलपुर में 39, उज्जैन में 13, बैतूल में 12 तथा रतलाम में 11 नए केस आए हैं।
- 10 जिलों आलीराजपुर, भिंड, दतिया, डिंडोरी, गुना, हरदा, मंडला, श्योपुर, सिंगरौली तथा टीकमगढ़ में कोरोना का कोई भी नया केस नहीं मिला।
- आलीराजपुर जिला कोरोना संक्रमण मुक्त हो गया है।

दैनिक भास्कर 10/6/21

## अनुपस्थित 22 सफाई संरक्षक को कारण बताओ सूचना-पत्र

### आधे व एक दिवस को वेतन काटा

रतलाम। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा रतलाम 08 जून मंगलवार को प्रातः नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान 33 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने निर्धारित कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर आधे व पूरे दिवस का वेतन काटे जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया। प्रातः निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 1 में 17, झोन क्रमांक 2 में 2, झोन क्रमांक 3 में 2 व झोन क्रमांक 4 में 1 इस तरह कुल 22 सफाई संरक्षक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधितों का आधे व एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

## गंदगी पाये जाने पर वार्ड प्रभारी का वेतन काटा

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान सज्जन मिल गेट के पास डस्टबीन कचरे से भरे पाये जाने व सड़क के दूसरी ओर दुकानों के सामने कचरा पाये जाने पर वार्ड प्रभारी दिलीप खरे का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि वार्ड में साफ सफाई करवाने की जिम्मेदारी वार्ड प्रभारी की होती है वार्ड में कचरा व गंदगी पाई जाती है तथा डस्टबीन कचरे से भरे पाये जाते है तो संबंधित वार्ड प्रभारी के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## गंदगी मिली तो काटा वार्ड प्रभारी का वेतन

रतलाम. आयुक्त सोमनाथ झारिया बुधवार को सफाई कार्य देखने सड़क पर उतर गए। सज्जन मिल क्षेत्र में गंदगी पाए जाने पर वार्ड प्रभारी का वेतन काटने का आदेश जारी कर दिया। सज्जन मिल गेट के पास डस्टबीन कचरे से भरे पाये जाने व सड़क के दूसरी ओर दुकानों के सामने कचरा पाये जाने पर वार्ड प्रभारी दिलीप खरे का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि वार्ड में कचरा व गंदगी पाई जाती है तथा डस्टबीन कचरे से भरे पाये जाते है तो वार्ड प्रभारी के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## गंदगी पाए जाने पर वार्ड प्रभारी दिलीप खरे का एक दिवस का वेतन काटा

**रतलाम।** निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान सज्जन मिल गेट के पास डस्टबीन कचरे से भरे पाए जाने व सड़क के दूसरी ओर दुकानों के सामने कचरा पाए जाने पर वार्ड प्रभारी दिलीप खरे का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि वार्ड में साफ-सफाई करवाने की जिम्मेदारी वार्ड प्रभारी की होती है, वार्ड में कचरा व गंदगी पाई जाती है तथा डस्टबीन कचरे से भरे पाए जाते है, तो संबंधित वार्ड प्रभारी के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## अनुपस्थित 22 सफाई संरक्षक को कारण बताओ सूचना-पत्र

रतलाम ● स्वदेश समाचार

निगम स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान 33 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने निर्धारित कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर आधे व पूरे दिवस का वेतन काटे जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टिकरण चाहा गया। प्रातः निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 1 में 17, झोन क्रमांक 2 में 2, झोन क्रमांक 3 में 2 व झोन क्रमांक 4 में 1 इस तरह कुल 22 सफाई संरक्षक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधितों का आधे व एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

### निगम अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

# 15 दिनों में सफाई व्यवस्था में अनिवार्य रूप से सुधार करें-कलेक्टर



रतलाम ● स्वदेश समाचार

शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाए जाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ सफाई व्यवस्था से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर 15 दिवस में अपने स्तर पर सुधार लाने के निर्देश दिए।

श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के 49 वार्डों के प्रत्येक घरों से कचरा संग्रहण किया जा रहा है तो शहर के विभिन्न स्थानों, सड़कों, नाले-नालियों आदि में कचरा क्यों दिखाई दे रहा है। उन्होंने निर्देशित किया कि रूट चार्ट अनुसार कचरा संग्रहण वाहन घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य करें व इसकी पूरी निगरानी जीपीएस से की जाए, साथ ही वाहन के चालक व हैल्पर समय पर अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहे व समय पर वाहन वार्डों में लेकर जाएं।

कलेक्टर ने कहा कि कचरा संग्रहण वाहन से घर-घर से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण हो यह जिम्मेदारी नियुक्त पर्यवेक्षक व झोन प्रभारी की है वे यह कार्य सतर्कता के साथ करें। झोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे वार्ड में कार्यरत सफाई संरक्षकों का ड्यूटी आदेश बनाए व आदेश अनुसार कर्मचारियों से सफाई का कार्य लेवें कर्मचारी यदि आदेश अनुसार कार्य नहीं करता है तो अपने उच्च अधिकारी को इसकी जानकारी देवें। शहर की सफाई व्यवस्था के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह से जानकारी लेकर कलेक्टर ने कहा कि वे झोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी व सफाई संरक्षकों पर कन्ट्रोल कर सफाई का कार्य लेवें। उन्होंने निर्देशित किया सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, शहर में कहीं भी गंदगी दिखाई देती है तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी पर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। आयोजित बैठक में कलेक्टर ने शहर की सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए जाने हेतु सफाई व्यवस्था से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे 15 दिनों में अपने स्तर पर सफाई व्यवस्था में आवश्यक रूप से सुधार कर लेवे अन्यथा संबंधित के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

स्वदेश 10/6/21

# कोरोना की तीसरी लहर का असर न हो, इसकी तैयारी करें : शिवराज

प्रशासण न्यूज • भोपाल

प्रदेश में कोरोना संक्रमण अब पूरी तरह समाप्ति की ओर है। नए प्रकरणों की संख्या पांच सौ से भी कम हो गई है। भोपाल और इंदौर को छोड़कर 50 जिलों में औसत साप्ताहिक संक्रमण की दर दो फीसद से नीचे आ गई है। अब संक्रमण की दृष्टि से देश में प्रदेश का स्थान 23वां है। तीसरी लहर का कोई असर न हो, इसकी तैयारी की जाए। संक्रमण की रोकथाम के लिए अधिक से अधिक जांच कराई जाए।

यह बात मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बुधवार को कोरोना की स्थिति और व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण रोकने के लिए लोगों के पास जाकर जांच की जाए। एक-एक कोरोना के मरीज को ढूंढकर उसका उपचार किया जाए। टीकाकरण ही कोरोना का सुरक्षा कवच है। इसके मद्देनजर प्रदेश में कोरोना टीकाकरण का ना सिर्फ अभियान चलाया जाए, बल्कि इसकी निगरानी भी हो। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बुधवार को कोरोना के नए प्रकरण 453 आए हैं और एक हजार 329 मरीज स्वस्थ हुए हैं। सक्रिय प्रकरण सात हजार 71 हो गए हैं। अब तीन हजार 135 मरीज अस्पतालों में उपचार करा रहे हैं। होम आयसोलेशन में तीन हजार 936 मरीज हैं। इस दौरान चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



## 10 जिलों में नहीं आया नया प्रकरण

बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 10 जिले (अलीराजपुर, भिंड, दतिया, डिंडोरी, गुना, हरदा, मंडला, श्योपुर, सिंगरौली तथा टीकमगढ़) में कोरोना का कोई भी नया प्रकरण नहीं आया है। अलीराजपुर जिला पूर्ण रूप से कोरोना संक्रमण मुक्त है। छह जिलों (इंदौर में 144, भोपाल 104, जबलपुर 39, उज्जैन 13, बैतूल 12 तथा रतलाम में 11) में नए प्रकरण दस से ज्यादा आए हैं। इंदौर और भोपाल ही प्रदेश में ऐसे जिले है, जहां साप्ताहिक संक्रमण दर दो फीसद से ज्यादा है। इंदौर में यह 2.1 और भोपाल में 2.2 प्रतिशत है।

# खान-पान की दुकानें खुलेंगी, फेरी वालों को भी अनुमति

## रविवार को जनता कर्फ्यू रहेगा, शाम छह बजे तक खुले रहेंगे बाजार, जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक में फैसला

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। अनलाक के तीसरे चरण में गुरुवार से जिले में खान-पान की दुकानें, सैलून खोले जा सकेंगे। इसके साथ ही प्रातः छह बजे से रात आठ बजे तक बाजार खुले रहेंगे। बुधवार को जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक में अनलाक में छूट के दायरे को बढ़ाने के निर्णय लिए गए। जिले के कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चेतन्य काश्यप, डा. राजेंद्र पांडे, दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम बैठक में वर्चुअल जुड़े और जरूरी सुझाव दिए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि सोमवार से शनिवार तक सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक बाजार खुले रह सकेंगे। कलेक्टर ने बताया कि रतलाम शहर में 45 प्लस के लगभग 90 हजार व्यक्तियों में से 60 हजार का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। जिले के सैलाना, बाजना, ताल में वैक्सीनेशन की प्रगति अपेक्षाकृत कमजोर है। इसके लिए विशेष माइक्रो प्लानिंग की जा रही है।

मालूम हो कि अनलाक के पहले चरण में सड़क के लेफ्ट व राइट वाले हिस्से में एक दिन छोड़कर दुकानें खोलने की व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही चाय-नाश्ते की दुकानें खोलने की अनुमति भी नहीं दी गई थी। संक्रमण दर एक प्रतिशत से नीचे जाने के बाद भी छूट नहीं मिलने से व्यापारी नाराज थे। रतलाम से ज्यादा संक्रमण दर भोपाल में होने के बावजूद वहां गुरुवार से सभी दुकानें खोलने के निर्णय के बाद बुधवार को बुलाई गई बैठक में छूट का दायरा बढ़ाया गया।

**अनलाक का तीसरा चरण**

- चाय-नाश्ते की दुकानें खोलने की अनुमति भी नहीं दी गई
- संक्रमण दर कम होने के बाद भी छूट नहीं मिलने से व्यापारी नाराज

**शहर कांग्रेस ने किया निर्णय का स्वागत:** शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने जिला प्रशासन का आभार मानते हुए रतलाम पूरा खोलने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को कांग्रेस द्वारा कोरोना नियंत्रण को देखते हुए जिले के सभी व्यापारी और गरीब वर्ग को आ रही समस्या को देखते हुए अविलंब जिले को कोरोना गाइड-लाइन के तहत पूरी तरह अनलाक करने का प्रशासन से आग्रह किया था। प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल आपदा प्रबंध समिति की मीटिंग बुलाई और गुरुवार से रतलाम को पूरी तरह खोलने का निर्णय लिया।


नईदुनिया 75
सेहत शाला
योग. ध्यान. स्वास्थ्य सलाह.
5 जून से 21 जून 2021


NaiduniaSehatShala
फेसबुक पेज को Like करें
और प्रतिदिन सुबह 8.00 बजे जुड़ें
ऑनलाइन नईदुनिया सेहत शाला से
योग से संबंधित अपने प्रश्न वॉट्सएप द्वारा 99934 22333 पर भेज सकते हैं। अपना नाम व शहर का नाम अवश्य लिखें। चुनिंदा प्रश्नों का उत्तर विशेषज्ञ द्वारा अगले दिन के सत्र में दिया जाएगा।


### अब इस तरह से रहेगा छूट का दायरा



अनलाक में मिली छूट के दौरान एटीएम पर उमड़ी भीड़ ने शारीरिक दूरी का पालन नहीं किया। • नईदुनिया

**कोरोना कर्फ्यू :** जिले में रात आठ बजे से प्रातः छह बजे तक कोरोना कर्फ्यू व प्रत्येक रविवार को जनता कर्फ्यू रहेगा जो शनिवार रात आठ बजे से सोमवार छह बजे तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान दूध डेयरी प्रातः छह बजे से नौ बजे तक एवं शाम पांच बजे से रात 8:30 बजे तक तथा केमिस्ट एवं संस्थाओं से संबंधित प्रतिष्ठान पूरे दिन खुले रह सकेंगे।

**जरूरी सेवाएं :** आवश्यक वस्तुओं के परिवहन, उद्योग इकाइयों के श्रमिकों, कर्मियों, औद्योगिक तथा उत्पाद के परिवहन, बीमार व्यक्तियों के परिवहन एवं रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आने जाने तथा परीक्षा में शामिल होने के लिए छूट रहेगी।

**होटल-लाज :** समस्त लाजिंग, होटल, रिसोर्ट, केवल आगंतुकों के लिए ही खोल सकेंगे। लाज, होटल, रिसोर्ट के इन हाउस गेस्ट को ही भोजन सर्व किया जा सकेगा।

**खानपान दुकानें :** रेस्टोरेंट, भोजनालय, मिठाई दुकान व अन्य खान पान की दुकानें केवल टेक होम डिलीवरी के लिए खुलेंगी। दुकान पर खिलाना पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा।

**सैलून :** कर्मचारी को मास्क, दस्ताने व पीपीई किट पहनना अनिवार्य होगा। सैलून संचालक 50 प्रतिशत क्षमता के साथ एक कुर्सी छोड़कर निर्धारित दो गज की दूरी बनाए रखते हुए व्यवसाय कर सकेंगे। सैलून के अंदर विजिटर वेटिंग के रूप में बैठाना प्रतिबंधित रहेगा।

**खेल :** खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एकल स्पोर्ट्स की रूल आफ सिंपस के नियम के साथ अनुमति रहेगी। टीम ग्रुप, खेल गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी।

**धर्मस्थल :** सभी धार्मिक पूजा स्थल पर एक समय में चार से अधिक व्यक्ति उपस्थित नहीं रह सकेंगे।

**अंतिम संस्कार :** अधिकतम 10 व्यक्तियों के साथ अंतिम संस्कार की अनुमति रहेगी। उठावना व पगड़ी कार्यक्रम पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

**विवाह समारोह :** दोनों पक्षों के मिलाकर अधिकतम 20 लोगों के साथ अनुमति रहेगी। इस प्रयोजन के लिए विवाह समारोह में उपस्थित होने वाले अतिथियों के नाम की सूची सात दिन पहले आयोजकों को संबंधित क्षेत्र के एसडीएम एवं पुलिस थाने पर आयोजन से पूर्व प्रदान किया जाना आवश्यक होगा।

**सार्वजनिक परिवहन :** बसों में यात्रियों को एक सीट छोड़कर बिठाया जाएगा। आटो रिक्शा में दो सवारी टैक्सी तथा निजी चार पहिया वाहनों में ड्राइवर तथा दो पैसेंजरों को मास्क के साथ यात्रा करने की अनुमति रहेगी। सभी लोक परिवहन के ड्राइवर तथा कंडक्टर का टीकाकरण अनिवार्य होगा।

**फेरी :** स्ट्रीट फूड, चलित खान पान की दुकानें, ठेला, पाइन केवल टेक होम डिलीवरी की अनुमति रहेगी। संचालक को मास्क, दस्ताने पहनना अनिवार्य होगा।

**फल व सब्जी :** सब्जियां, फल विक्रेता, फेरी वाले घर-घर जाकर चलित रूप से छह से शाम छह बजे तक की अनुमति रहेगी।

**मनरेगा :** येलो एवं ग्रीन जोन के ग्रामों में समस्त मनरेगा कार्य ग्रामीण विकास कार्य अन्य विभागों के निर्माण कार्य एसओपी का पालन करते हुए जारी रखे जाएंगे।

**मंडियां :** सभी मंडियों में सभी प्रकार की उपज की खरीदी बिक्री करने की अनुमति रहेगी। संबंधित प्रशासक सचिव प्रबंधक से प्रोटोकॉल के अनुसार व्यवस्था करेंगे।

**निर्माण कार्य :** जिले में सभी प्रकार के निजी निर्माण कार्यों की अनुमति रहेगी। कार्यस्थल पर कार्यरत श्रमिकों को निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

नईदुनिया 10/6/21

# क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की समीक्षा बैठक में रतलाम को पूरा खोलने का लिया निर्णय

रतलाम। शहर को अनलॉक करने के लिए जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की समीक्षा बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में रतलाम शहर के बाजारों को भोपाल की तर्ज पर खोलने का निर्णय

## ▸ अब बाजार सभी दुकानों के साथ सुबह 10 से शाम 6 बजे तक खुलेंगे

लिया गया है। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बाजार की सभी दुकानें खुल सकेंगी।

जिला स्तरीय संकट प्रबंधन समूह की बैठक वर्चुअल बुधवार को संपन्न हुई। जिले के कोविड-19 प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक चैतन्य काश्यप, विधायक राजेंद्र पांडे, विधायक दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम बैठक से वर्चुअल जुड़े थे। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक के बाद बताया कि रतलाम जिले की पॉजिटिविटी दर में कमी आने के बाद समीक्षा बैठक में रतलाम जिले को भोपाल पैटर्न में अनलॉक करने का निर्णय लिया गया है। वहीं रतलाम जिले में शनिवार के दिन भी बाजार खुल सकेंगे। दरअसल 1 जून से रतलाम में अनलॉक की प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिसमें 50 प्रतिशत बाजार खोलने के लिए लेफ्ट राइट फार्मूला अपनाया गया था। लेकिन व्यापारियों में जिला प्रशासन के इस निर्णय को लेकर नाराजगी व्यक्त की थी वहीं जनप्रतिनिधियों ने भी बाजार को पूरा खोलने की मांग की थी। वह बुधवार को जिला क्राइसिस मैनेजमेंट को समीक्षा बैठक में बाजार को पूरा खोलने का निर्णय लिया गया है। शहर में हेयर सैलून की दुकान दुकानें सीमित संख्या में ग्राहकों के साथ खुल सकेंगी फास्ट फूड, नाश्ते की दुकानें टेक होम नियम के साथ खुल सकेंगी बैठक में कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, एसडीएम अभिषेक गहलोत, गोविंद काकानी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर आदि उपस्थित थे।

## जिले में रविवार को जनता कर्फ्यू रहेगा

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रतलाम जिले की राजस्व सीमाओं में आगामी आदेश पर्यंत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। इसके अनुसार संपूर्ण रतलाम जिले में प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से प्रातः 6 बजे तक कोरोना कर्फ्यू रहेगा। जिले में प्रत्येक रविवार को जनता कर्फ्यू रहेगा जो शनिवार रात्रि 8 बजे से सोमवार 6 बजे तक प्रभावी रहेगा। उक्त अवधि में दूध डेयरी प्रातः 6 बजे से 9 बजे तक एवं शाम 5 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक तथा केमिस्ट एवं संस्थाओं से संबंधित प्रतिष्ठान पूरे दिन खुले रह सकेंगे।

## कांग्रेस ने माना आभार

शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने जिला प्रशासन का आभार मानते हुए रतलाम पूरा खोलने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि 8 तारीख को रतलाम कांग्रेस द्वारा कोरोना नियंत्रण को देखते हुए जिले के सभी व्यापारी और गरीब वर्ग को आ रही समस्या को देखते हुए अविलंब जिले को कोरोना गाइडलाइन के तहत अनलॉक करने का प्रशासन से आग्रह किया था। जिसे प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल आपदा प्रबंध समिति की मीटिंग बुलाई और गुरुवार से रतलाम को पूरी तरह खोलने का निर्णय लिया। जनहित के इस निर्णय में प्रशासन ने त्वरित गति से काम किया उसके लिए हम प्रशासन का आभार मानते हुए जनता से भी निवेदन करते हैं कि वह कोरोना गाइडलाइन के तहत सभी नियम कायदों को मानते हुए अपना व्यापार व्यवसाय करें। प्रशासन को पूर्ण सहयोग देवें। साथ ही प्रशासन से अनुरोध है कि सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क के लिए लगातार प्रचार एवं प्रेरित करें व गरीब जनता पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही से बचे।

नवभारत 10/6/21



# 15 दिनों में सफाई व्यवस्था में अनिवार्य रूप से सुधार करें-कलेक्टर

## निगम अधिकारियों की बैठक लेकर दिये निर्देश

रतलाम । शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाये जाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के साथ सफाई व्यवस्था से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर 15 दिवस में अपने स्तर पर सुधार लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर व प्रशासक श्री पुरुषोत्तम ने आयोजित बैठक में कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के 49 वार्डों के प्रत्येक घरों से कचरा संग्रहण किया जा रहा है तो शहर के विभिन्न स्थानों, सड़कों, नाले-नालियों आदि में कचरा क्यों दिखाई दे रहा है। उन्होंने निर्देशित किया कि रूट चार्ट अनुसार कचरा संग्रहण वाहन घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य करें व इसकी पुरी निगरानी जीपीएस से की जाये साथ ही वाहन के चालक व हैल्पर समय पर अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहे व समय पर वाहन वार्डों में लेकर जायें। बैठक में कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि कचरा संग्रहण वाहन से घर-घर से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण हो यह जिम्मेदारी नियुक्त पर्यवेक्षक व झोन प्रभारी की है वे यह कार्य सतर्कता के साथ करें। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने झोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे वार्ड में कार्यरत सफाई संरक्षकों का ड्यूटी आदेश बनाये व आदेश अनुसार कर्मचारियों से सफाई का कार्य लेवें कर्मचारी यदि आदेश अनुसार कार्य नहीं करता है तो अपने उच्च अधिकारी को इसकी जानकारी देवें।

शहर की सफाई व्यवस्था के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह से जानकारी लेकर का कार्य लेवें। उन्होंने निर्देशित किया सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जावेगी शहर में कहीं भी गंदगी दिखाई देती है तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने शहर की सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाये जाने हेतु सफाई व्यवस्था से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे 15 दिनों में अपने स्तर पर सफाई व्यवस्था में आवश्यक-रूप से सुधार कर लेंवे अन्यथा संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। बैठक में उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी के अलावा निगम अधिकारी सर्वश्री सत्यप्रकाश आचार्य, एम.के. जैन, जसवन्त जोशी, सुभाष गोयल, रामचन्द्र शर्मा, सुहास पंडित, बी.एम. चौधरी, राजेश पाटीदार, सिद्धार्थ सोनी, विकास मरकाम, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, नितिन तिवारी, धर्मेन्द्र दोगाया, देवेन्द्र पुरोहित, पर्वत हाडे, किरण चौहान, विनय चौहान, विराट मेहरा आदि उपस्थित थे।

स्वदेश ज्योति 10/6/21

## ये गतिविधियां प्रतिबंधित

सभी प्रकार के सामाजिक, राजनीतिक, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन, धरना, रैली, प्रदर्शन, जुलूस, ज्ञापन पर प्रतिबंध रहेगा। स्कूल, कालेज, शैक्षणिक, प्रशिक्षण, कोचिंग संस्थान की आफलाइन कक्षाएं पूर्णतः बंद रहेंगी। शापिंग माल, स्वीमिंग पूल, सिनेमाघर, क्लब, जिम, थियेटर, पिकनिक स्पाट, पर्यटन स्थल, आडिटोरियम, सभागृह बंद रहेंगे। अत्यावश्यक सेवा वाले विभाग इससे मुक्त रहेंगे। अत्यावश्यक सेवाएं देने वाले कार्यालयों को छोड़कर शेष कार्यालय 100 प्रतिशत अधिकारियों एवं 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ संचालित किए जाएंगे। किसी भी स्थान पर छह से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। स्पा सेंटर बंद रहेंगे।

## 16 जून तक वैक्सीन

# जलकर, संपत्तिकर पर पेनल्टी माफ लेकिन बिजली बिलों पर चुकाना पड़ रही

भास्कर संवाददाता | रतलाम

9 अप्रैल से शहर में लॉकडाउन लगा था। जो 30 मई तक रहा। ऐसे में जो लोग जलकर और संपत्तिकर जमा नहीं करा पाए। राज्य सरकार ने उन्हें राहत देते हुए उनकी पेनल्टी माफ कर दी है। यानी 30 जून तक वे जलकर, संपत्तिकर सहित निगम के कर जमा कराते हैं तो उन्हें पेनल्टी नहीं चुकाना होगी। वहीं बिजली बिलों की हम बात करें तो बिलों पर लगने वाली पेनल्टी अब तक माफ नहीं हुई।

यानी ऐसे उपभोक्ता जो लॉकडाउन की वजह से अपना अप्रैल और मई का बिजली का बिल जमा नहीं करा पाए हैं तो उन्हें पेनल्टी चुकाना होगी। जबकि लॉकडाउन लगा था। इससे उपभोक्ताओं की कहां गलती है। बावजूद बिजली कंपनी ग्राहकों से पेनल्टी वसूल रही है। 5 जून के बाद जो भी उपभोक्ता अप्रैल और मई महीने का बिजली का बिल जमा करा रहे हैं तो उन्हें पेनल्टी चुकाना पड़ रही है।

## बिजली बिलों पर भी पेनल्टी माफ करना चाहिए

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष अनुराग लोखंडे ने बताया जिस प्रकार राज्य सरकार ने जलकर, संपत्तिकर में राहत दी है। उसी तरह बिजली के बिलों में भी राहत मिलना चाहिए क्योंकि उपभोक्ता बिल नहीं भर पाए तो इसमें उपभोक्ताओं की कहां गलती है क्योंकि लॉकडाउन लगा था। ऐसे में वे बिजली का बिल कैसे जमा कराते। वहीं हर उपभोक्ता तो ऑनलाइन बिजली का बिल जमा नहीं करा सकता। ऐसे में बिजली बिलों में भी राहत मिलना चाहिए।

## ड्यू डेट बढ़ा दी थी

बिजली कंपनी के अधीक्षण यंत्री, एससी वर्मा ने बताया 31 मई से लॉकडाउन खुल गया था। ऐसे में मई महीने के बिजली के बिल की ड्यू डेट बढ़ाकर हमने 5 जून कर दी थी। ऐसे में पेनल्टी माफ करने का सवाल नहीं उठता है।

दैनिक भास्कर 10/6/21

# कोविड मरीजों को निजी अस्पतालों में भर्ती करने के संबंध में नई गाईड लाईन तय की गई

प्रसारण न्यूज • रतलाम

*मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि राज्य कार्यालय द्वारा कोविड के मरीजों की संख्या में लगातार कमी को देखते हुए नई गाईडलाईन तय की गई है।*

प्राप्त निर्देशानुसार रतलाम जिले में मुख्यमंत्री कोविड उपचार योजनांतर्गत इंपैनल्ड अस्पतालों के अंतर्गत अब केवल तीस बिस्तर से अधिक संख्या वाले इंपैनल्ड अस्पताल ही कोविड के नवीन पॉजिटीव मरीजों को भर्ती कर सकेंगे।

रतलाम जिले में अब केवल पं. शिवशंकिलाल शर्मा अस्पताल बंजली, रतलाम हॉस्पिटल रतलाम, सी एच एल जैन दिवाकर अस्पताल रतलाम एवं मां गायत्री अस्पताल रतलाम में ही कोविड के नवीन पॉजिटीव मरीजों को भर्ती किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य किसी भी निजी अस्पताल को कोविड के मरीजों को भर्ती किए जाने की पात्रता नहीं रहेगी।

**राहत: आज से अनलॉक होगा पूरा भोपाल**

# राज्य में संक्रमण दर व मौत के आंकड़ों में आई गिरावट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में कोरोना की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। रोजाना संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या 500 से कम हो गई है। बुधवार को 453 नए पॉजिटिव केस सामने आए। स्वस्थ होने वालों की संख्या 1329 है। प्रदेश में 7071 एक्टिव केस बचे हैं। संक्रमण दर घटकर आधा फीसदी हो गई है। स्वस्थ होने वालों की दर बढ़कर 98.2 फीसदी हो गई है।

प्रदेश के 10 जिलों में बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण का कोई नया मरीज नहीं मिला। भोपाल में 104 तो इंदौर में 144 नए मरीज मिले। राज्य में 36 लोगों की मौत हुई। अब अप्रेल और मई की तुलना में जून में मौत का आंकड़ा घटने लगा है। लॉकडाउन के दो महीने में सबसे ज्यादा मौतें हुईं। इस दौरान एक दिन में करीब 68 लोगों ने दम तोड़ा। अब जून के पहले आठ दिन में 338 मौतें हुईं। यानी औसतन एक दिन में 42 लोगों की जान कोरोना के कारण गई।

## सिर्फ रविवार को बंद रहेगा बाजार

भोपाल में गुरुवार से सभी बाजार खुलेंगे। राजधानी रविवार को लॉक रहेगी। इस संबंध में रोजाना रात 8 से सुबह 6 बजे तक नाइट कर्फ्यू रहेगा। यह आदेश 10 जून से प्रभावी होगा। दुकानें रविवार को छोड़कर बाकी दिन सुबह 6 से रात 8 बजे तक खुल सकेंगी।



# युद्ध स्तर पर चल रहा है नाले-नालियों की सफाई का कार्य

## 6 नालो की सफाई का कार्य जारी

रतलाम । वर्षा ऋतु के पूर्व नगर के समस्त नाले-नालियों की सफाई करवाये का कार्य निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देश के तहत निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है साथ ही नालो की सफाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिड़काव भी किया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अलकापुरी, मोमिनपुरा, नगर निगम के पीछे से बाईजी का वास तक, शास्त्री नगर, चौमुखी पुल व बोहरा बाखल वाले नाले की सफाई का कार्य स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह के निर्देशन में जेसीबी मशीन, टेक्टर ट्रॉली व गैंग के माध्यम से किया गया व सफाई उपरान्त नालों व नालियों में केसोलिक व ब्लीचिंग कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया।

स्वतंत्र रतलाम 10/6/21

# नाले-नालियों की सफाई के बाद कीटनाशक का छिड़काव

रतलाम। शहर में वर्षाकाल के पहले नगर निगम द्वारा नाले-नालियों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अलकापुरी गांधी स्कूल के पीछे, शास्त्री नगर, सागोद रोड चम्पा विहार के पास, त्रिवेणी मुक्तिधाम रोड, चौमुखी पुल व लक्कड़पीठा नाले की सफाई का कार्य स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के निर्देशन में जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर-ट्राली व गैंग के माध्यम से किया गया। सफाई उपरांत नालों व नालियों में फेनोलिक व ब्लीचिंग कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया।



नाले की सफाई करते हुए नगर निगम के सफाई कामगार। ●नईदुनिया

### अनुपस्थित 28 सफाई संरक्षकों को नोटिस

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बुधवार सुबह विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान जोन क्रमांक-एक में 20, जोन क्रमांक-दो में दो, जोन क्रमांक-तीन में पांच व जोन क्रमांक-चार में एक सफाई संरक्षक कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। इस पर आधे व पूरे दिन का वेतन काटने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया।

नईदुनिया 10/6/21

# घोड़ा से कान्वेंट स्कूल तिराहे तक सड़क निर्माण कार्य होगा शीघ्र प्रारंभ

## निगम आयुक्त श्री झारिया ने किया स्थल का निरीक्षण

◆ रतलाम

...र पालिक निगम रतलाम कुमार ... घोड़ा चौराहा से कान्वेंट स्कूल ... प्रारंभ करने व दो बत्ती से काला ...र्माण कार्य तीव्र गति से करवाए ...नाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री ...कास मरकाम के साथ स्थल का

... ने कार्यपालन यंत्री श्री व्यास व ...ा घोड़ा चौराहा से कान्वेंट स्कूल ...सड़क निर्माण हेतु कम पड़ रही ... अन्य बाधाओं का अवलोकन ... गया कि 4 निर्माण हेतु स्टेट बैंक ... उन्होंने स्टेट बैंक से पत्र व्यवहार करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि वे 4 लेन का निर्माण एक साथ ना करते हुए प्रथम चरण में 2 लेन का निर्माण काला घोड़ा चौराहा से प्रारंभ करें, ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

दो बत्ती से काला घोड़ा तक चल रहे निर्माण कार्य के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि जिस दिन सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है उस दिन से 21 दिनों तक सड़क की पानी से तरी नियमित रूप से की जाये। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क पर पानी ना रुके उस मान से ढलान दिया जाये इसके अलावा स्टॉम वॉटर हेतु डाले जाने



पाईप के ढलान व ज्वाईंट का विशेष ध्यान रखा जाये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को निर्देशित किया कि दो बत्ती चौराहे पर सड़क निर्माण का कार्य तीव्र गति से करें, क्योंकि यह शहर का सबसे व्यस्ततम चौराहा है। चौराहे पर निर्माण के दौरान आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसका विशेष ध्यान रखें।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया को अवगत कराया गया कि न्यू रोड क्षेत्र ड्रेनेज हेतु डाले जा रहे पाईप के बीच में विद्युत पोल आने से कार्य में रुकावट आ रही है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्थल का निरीक्षण कर विद्युत पोल शीघ्र शिफ्ट किए जा॑ हेतु एमपीईबी को पत्र लिखे जाने हेतु संबंधित को नि॑ ात किया।

प्रसारण

प्रसारण 10/6/21